## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 01.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

*******************

दुर्गा पूजा और दशहरा को लेकर पूरे राज्यवासियों का उत्साह चरम पर है। आज श्रद्धालु नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की आराधना कर रहे हैं। महानवमी के मौके पर हवन और कन्या पूजन के साथ श्रुद्धालुओं ने अपना उपवास तोड़ा। रांची सहित जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो और पलामू समेत सभी जिलों में आकर्षक पूजा पंडाल और भव्य मूर्तियों का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सम्रस्ता का संदेश दिया जा रहा है जिसे देखने के लिए लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

सुरक्षा को लेकर सभी जिलों में प्रशासन मुस्तैद है, साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। कल विजया दशमी को लेकर पूरी तैयारी की जा चुकी है। रांची समेत विभिन्न जिलों में रावण दहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रांची के मारहाबादी में रावण दहन कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेगे।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर में सपरिवार नवरात्र की महानवमी पर परंपरागत कन्या पूजन किया। इस दौरान पूर्वी जमशेदपुर की विधायक पूर्णिमा दास साहू भी मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा और हवन से हुई। इसके बाद उन्होंने विधिवत नौ कन्याओं को आमंत्रित कर अपने हाथों से भोजन कराया और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कन्याओं से आशीर्वाद लेकर समस्त शहरवासियों सहित पूरे राज्यवासियों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

*******************

पाकुड जिले में शारदीय नवरात्र के महानवमी पूजा के मौके पर श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा भक्तिभाव से की। नवमी पूजा के मौके पर प्रसिद्ध सिंहवाहिनी मंदिर में चाल कुंभडा की बलि दी गयी। राजा पृथ्वीचन्द्र साही द्वारा स्थापित माँ सिंहवाहिनी की पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहित तरुण पांडेय ने कराया। नवमी पूजा के अवसर पर कन्या पूजा भक्तिभाव से किया गया। मंदिरों एवम पूजा पंडालों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे। दूर दराज से भी लोग प्रतिमा दर्शन के लिए मंदिरों एवं पूजा पंडालों में पहुंच रहे हैं।

*******************

विजयदशमी के मौके पर रांची के मोरहाबादी में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। वहीं एचईसी स्थित शालीमार मैदान में कल रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्‌घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी करेंगे।

*******************

भारतीय डाक विभाग की 171 वर्षों पुरानी रजिस्ट्री पत्र सेवा अब इतिहास बन गई है। कल ही वह सेवा बंद हो गया। आज से रजिस्ट्री पत्र सेवा का विकल्प स्पीड पोस्ट में पंजीकरण विकल्प के रूप में मिलेगा। वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, रांची जी.पी.ओ. दीवाकर प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री पोस्ट भारतीय डाक का गौरवशाली अध्याय रही है, लेकिन अब इसका आधुनिक स्वरूप स्पीड पोस्ट के रूप में और तेज़ और सुरक्षित सेवा देगा।

*******************

खूंटी के रग्बी खिलाड़ी अभिषेक टूटी और डेविड मुंडा को कोलकाता में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय रग्बी शिविर में शामिल होने का मौका मिला है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

*******************

राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के एक रिसॉर्ट में हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने उन तीनों हथियारों को भी जब्त कर लिया है, जिससे फायरिंग की गयी थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर ने बुधवार को बताया कि पूरी घटना हर्ष फायरिंग से जुड़ा हुआ है, कुछ लोगों ने रिसॉर्ट को पार्टी के लिए बुक किया था। पार्टी के दौरान ही मंगलवार की देर रात बजरंग महतो और उसके तीन साथियों ने फायरिंग की।

*******************

राज्य के सभी स्थानों पर कल से अगले तीन दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। यह स्थिति बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण पैदा हुई है। मौसम विभाग ने इस दौरान राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की भी आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है।

****************